www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, सोमवार, 2 मार्च 2026

सुविचार



इंसान बनो, केवल नाम से नहीं, शक्ल से नहीं, रूप से नहीं, हृदय से, बुद्धि से, संस्कार से, ज्ञान से।

- अटल बिहारी वाजपेयी

लखनऊ के प्रमुख समाचार

- एफडी घोटाले में बैंक मित्र की मां, पत्नी व नौकर गिरफ्तार II
- शियाओं के दिलों में गम और आंखों में गुस्सा III
- संध्या ने रजत और माधवी ने कांस्य पर लगाया निशाना IV

# आज से लखनऊ होकर चलेंगी छह होली स्पेशल ट्रेनें

- फिरोजपुर–दानापुर और ऋषिकेश–कोलकाता सहित कई मार्गों पर अतिरिक्त सेवाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** होली पर ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने वाया लखनऊ छह स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। इन ट्रेनों का संचालन 2 मार्च से अलग-अलग तरीखों में किया जाएगा।

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि ट्रेन नंबर 04616 फिरोजपुर–दानापुर होली स्पेशल 2 और 6 मार्च को फिरोजपुर से दोपहर 12 बजे रवाना होगी। ये ट्रेन मोगा, लुधियाना, अंबाला, सहारनपुर, मुरादाबाद और बरेली होते हुए सुबह 5:30 बजे लखनऊ पहुंचेगी। यहां से रायबरेली, प्रतापगढ़, वाराणसी, बक्सर और आरा के रास्ते शाम 5:30 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में 04615 दानापुर–फिरोजपुर स्पेशल ट्रेन 3 और 7 मार्च को दानापुर से रात 9:10 बजे चलकर सुबह 8:15 बजे लखनऊ पहुंचेगी। यहां से चलकर रात 11:55 बजे फिरोजपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में केवल एसी कोच लगाए जाएंगे।

इसी तरह 04312 योगनगरी ऋषिकेश–कोलकाता होली स्पेशल 2 मार्च को रात 10:20 बजे ऋषिकेश से चलकर हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली और शाहजहांपुर होते हुए सुबह 9 बजे आलमनगर और 9:48 बजे उतरेटिया पहुंचेगी। यहां से चलकर रायबरेली, प्रतापगढ़, वाराणसी, गया, धनबाद, आसनसोल और बर्द्धमान होते हुए अगली सुबह 8 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 04311 4 मार्च को दोपहर 1:55 बजे कोलकाता से रवाना होकर अगले दिन ऋषिकेश पहुंचेगी। इस ट्रेन में एसी, स्लीपर और जनरल कोच रहेंगे।



ट्रेन आने के बाद प्लेटफार्म पर लगी यात्रियों की भीड़।

## संचालन अवधि बढ़ी, स्टॉपेज में बदलाव

- मुंबई रूट पर 04212 सुलतानपुर–एलटीटी होली स्पेशल 2 मार्च को सुबह 4 बजे सुलतानपुर से चलकर 6:20 बजे लखनऊ पहुंचेगी। 03257 दानापुर–आनंदविहार, 03258 आनंदविहार–दानापुर, 05559 रक्सौल–उधना, 05560 उधना–रक्सौल और 03309/03310 धनबाद–दिल्ली होली स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि बढ़ाई गई है। 03257/03258 दानापुर–आनंदविहार स्पेशल के सूबेदार और गोविंदपुरी स्टेशनों पर स्टॉपेज समय में संशोधन किया गया है। ट्रेनों का इन स्टेशनों पर ठहराव पांच मिनट का होगा। रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों से समय सारिणी की जानकारी लेकर यात्रा करने की अपील की है।

## ग्रेच्युटी पर दी आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) शिक्षक संघ ने ग्रेच्युटी की सुविधा न मिलने पर कड़ा रुख अपनाते हुए चार सप्ताह के भीतर समाधान न होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी है। शनिवार को आयोजित संघ की बैठक में यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि ग्रेच्युटी से जुड़े लंबित मामलों के निस्तारण के लिए शासन स्तर पर वार्ता की जाएगी। इसके लिए संघ का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा करेगा। संघ ने



## रमजान का 12वां दिन

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी : 5:08 | सुन्नी : 6:10 |
| शिया : 4:58 | शिया : 6:19 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## शहर में आज



- अलीगंज स्थित आर्ट गैलरी में लखनऊ विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय छात्रों की कला प्रदर्शनी- 2:00 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### संविदा लाइनमैन की मौत मामले में चार निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरानगर सेक्टर-25 पावर हाउस से जुड़े संविदा लाइनमैन परशुराम की करंट लगने से मौत के मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में अधिशासी अभियंता प्रीतम सिंह, उपखंड अधिकारी अमितेश सिंह, अवर अभियंता धर्मेंद्र कुमार और तकनीकी कर्मचारी धीरज कुमार को निलंबित कर दिया गया है। मामले को संज्ञान में लेकर मध्यांचल की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। अधिशासी अभियंता और उपखंड अधिकारी को बरेली के प्रथम जोन में संबद्ध किया गया है। 28 फरवरी को निलंबन आदेश जारी कर दिया गयाअवर अभियंता और तकनीकी कर्मचारी पर कार्रवाई गोमती नगर जोन के मुख्य अभियंता सुशील गर्ग ने की है। अधीक्षण अभियंता नवीन चंद प्रसाद ने अवर अभियंता जयेंद्र कुमार को अतिरिक्त रूप से धर्मेंद्र कुमार के कार्यों की जिम्मेदारी सौंप दी है।

### वेतन न मिलने से एनएचएम कर्मचारियों में नाराजगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली से पहले वेतन भुगतान के निर्देश के बावजूद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारियों के खातों में अब तक वेतन नहीं पहुंचा है। इससे राजधानी में कार्यरत करीब 2500 कर्मचारियों की होली फीकी पड़ने की आशंका है। कर्मचारियों ने इसे लेकर आक्रोश जताया है। लखनऊ में एनएचएम के तहत लगभग 500 नर्स, वार्ड ब्वॉय सहित करीब 2500अन्य स्वास्थ्यकर्मी विभिन्न सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में तैनात हैं। कर्मचारियों का कहना है कि समय पर वेतन न मिलने से वे आर्थिक और मानसिक दबाव झेल रहे हैं। घरेलू खर्च चलाने और बैंक की मासिक किस्त जमा करने में कठिनाई हो रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि वेतन भुगतान की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि सोमवार तक सभी कर्मचारियों के खातों में वेतन पहुंचने की संभावना है।

### कान्हा उपवन को मिला जीएमपी प्रमाणपत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** नादरगंज स्थित नगर निगम की कान्हा उपवन गोशाला को जीएमपी प्रमाणपत्र मिला है। ये पुरस्कार गोशाला की व्यवस्था, प्रबंधन और अभिलेखों के बेहतर रखरखाव पर दिया जाता है। नगर निगम की ओर से फरवरी में आवेदन करने के बाद पिछले महीने अंतरराष्ट्रीय मानक संगठन की टीम ने गोशाला का निरीक्षण किया था। प्रमाण पत्र तीन वर्षों के लिए मिला है। महापौर सुषमा खर्कवाल तथा नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देशन में अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव और पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के प्रयासों से ये उपलब्धि मिली है। मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस (जीएमपी) प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाली कान्हा उपवन प्रदेश की पहली गोशाला बन गई है। इस गोशाला में 10,000 से अधिक गोवंशों संरक्षित हैं। 2024 में कान्हा उपवन को आईएसओ 9001:2015 प्रमाण पत्र भी मिल चुका है।

# हर्बल रंग-गुलाल से ही खेलें होली

## रसायन युक्त रंग त्वचा और आंखों के लिए नुकसानदायक, फेफड़ों के मरीज भी रहें सतर्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** होली पर रसायन (केमिकल) युक्त रंगों के इस्तेमाल से बचें और हर्बल रंगों से त्योहार मनाएं। चिकित्सा विशेषज्ञों कहना है कि हर्बल रंग न केवल सिर्फ त्वचा और आंखों के लिए सुरक्षित है, बल्कि पर्यावरण के लिहाज से भी बेहतर है।घर में ही हल्दी, चंदन, मैदा और रोली से, अबीर बनाकर प्रयोग करें। फूलों और इत्र से होली खेलें। गीले रंगों का प्रयोग कम से कम करें। अबीर गुलाल लगाकर लोगों से गले मिले।

बलरामपुर अस्पताल के त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. एमएच उस्मानी ने बताया कि बाजार में उपलब्ध ज्यादातर रंग हानिकारक रसायनों से तैयार किए जाते हैं। इन रंगों के इस्तेमाल से त्वचा संबंधी रोगों का खतरा रहता है। रासायनिक रंगों के प्रयोग से त्वचा में जलन, खुजली, लाल दाने और फफोले हो सकते हैं। कई मामलों में बाल झड़ने की समस्या भी सामने आती है। इसे चिकित्सा भाषा में एलोपेशिया कहा जाता है। आंखों में रंग जाने से कार्नियल एब्रेजन (कॉर्निया में खरोंच) की आशंका रहती है, जिससे दृष्टि प्रभावित हो सकती है। अस्थमा और फेफड़ों के मरीजों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।

बलरामपुर अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव गुप्ता ने दी है कि रंग खेलने से पहले चश्मा पहनें और रंग लगे हाथ आंखों के पास न ले जाएं। बच्चों को पानी के गुब्बारों से दूर रखें। यदि आंखों में रंग चला जाए तो तुरंत साफ पानी से धोकर चिकित्सक से परामर्श लें। सिविल अस्पताल के चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ.आशुतोष दुबे के अनुसार केमिकल रंगों में मौजूद ग्लास और डस्ट पार्टिकल्स हवा की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। मिलावटी अबीर और गुलाल से वातावरण में पीएम-10 कणों की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे सांस संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है।



गोमती नगर स्थित लोहिया पार्क में होली उत्सव के दौरान रंगों से सराबोर युवती। अमृत विचार

### हर्बल और केमिकल रंग में अंतर

- हर्बल गुलाल हल्का, मुलायम और बिना कृत्रिम चमक के होता है। इसमें प्राकृतिक सुगंध और स्वच्छता होती है। इसके विपरीत रसायनयुक्त गुलाल भारी, मैला और अक्सर रेत या बारीक कणों से युक्त होता है, जो त्वचा और आंखों को नुकसान पहुंचा सकता है।

### रंग खेलने से पहले करें ये उपाय

- डॉ.आशुतोष दुबे के अनुसार होली खेलने से पहले बदन पर सरसों या नारियल का तेल लगाए, मोटे और मजबूत तथा पूरी बांह के कपड़े पहनें। सिर पर तेल लगाकर टोपी पहनें, आंखों पर चश्मा पहनें यदि कॉन्टैक्ट लेंस लगाते है, तो उसे निकल दें। पैरों में जूता पहनना चाहिए। होली हमेशा अपने घर के कैंपस में या खुले मैदान में खेलना चाहिए। सड़क पर होली ना खेले, इससे अनावश्यक रूप से दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं।

### अस्थमा के रोगी सूखे रंग से करें परहेज

- डॉ.आशुतोष ने बताया अस्थमा के मरीज सूखे रंगों का प्रयोग ना करें इससे उनको सांस फूलने का अटैक पड़ सकता है। इसके आलावा डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, एलर्जी, अस्थमा, अवसाद या अन्य किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं तो भी अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है। डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के मरीजों को खान-पान में अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत होती है। गर्भवती महिलाएं होली खेलने से परहेज करें।

### आज मध्य रात्रि में होलिका दहन, 4 को खेला जाएगा रंग

- **अमृत विचार, लखनऊ :** होलिका दहन की तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार भद्रा और चंद्र ग्रहण के कारण मुहूर्त में परिवर्तन हुआ है। आचार्य पं. आनंद दुबे ने बताया कि काशी के ऋषिकेष पंचांग के अनुसार पूर्णिमा 2 मार्च को शाम 5:18 बजे से 3 मार्च शाम 4:33 बजे तक रहेगी। भद्रा 2 मार्च की शाम 5:18 बजे से 3 मार्च सुबह 4:56 बजे तक है। होलिका दहन भद्रा पुच्छ में रात 12:50 से 2:02 बजे तक किया जा सकता है। भद्रा समाप्ति के बाद 3 मार्च की भोर 4:56 बजे के बाद भद्रारहित काल भी शुभ रहेगा। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि भद्रा रहित, प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा होलिका दहन के लिए श्रेष्ठ मानी जाती है। यदि भद्रा मध्य रात्रि से पहले समाप्त हो जाए तो प्रदोष के बाद दहन करना चाहिए। भद्रा मुख में होलिका दहन शास्त्रों में वर्जित बताया गया है।



### तीन को चंद्र ग्रहण शुभ कार्य स्थगित

- पं. रवि प्रकाश मिश्रा के मुताबिक 3 मार्च को वर्ष का पहला चंद्र ग्रहण दोपहर 3:21 बजे से शाम 6:46 बजे तक रहेगा। सूतक सुबह 9:20 बजे से प्रभावी होगा। ग्रहण के कारण होली से जुड़े शुभ कार्य नहीं किए जाएंगे। रंगों की होली 4 मार्च को खेली जाएगी

### कल से गुरुवार तक पांडेयगंज गल्ला मंडी रहेगी बंद

- लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन व पांडेयगंज गल्ला मंडी के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि सोमवार शाम कोपांडेयगंज में फूलों की होली खेली जाएगी। रंग और गुलाल भी चलेगा। मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को थोक बाजार बंद रहेगा। शुक्रवार से पांडेयगंज गल्ला मंडी फिर से खुलेगी। वहीं लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ ने कहा कि ज्यादातर बाजार होली पर 3 और 4 यानी मंगलवार और बुधवार को बंद रहेगा। आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि बाजार तीन चार और पांच को बंद रहेंगे।

### मुख्य बाजारों में वाहन ले जाने से बचें

- बाजारों में खरीदारी के लिए जा रहे हैं तो कोशिश करें वाहन न ले जाएं। चार पहिया तो किसी भी हालत में नहीं। वजह जबरदस्त भीड़ है। पार्किंग के लिए जगह नहीं है और बाजार में कही भी वाहन खड़ा करेंगे तो उसे क्रेन उठा सकती है। ऐसे में दो पहिया वाहन या फिर सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग कर ही बाजार पहुंचे। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि बाजार का आनंद लेना है तो ग्राहक पैदल घूमकर खरीदारी करें। थोक बाजार में तो बड़े वाहन कतई न ले जाएं। जिससे उन्हें किसी तरह की दिक्कत न हो।



निरालानगर में लगी दुकान पर पिचकारी खरीदते बच्चे। अमृत विचार

# त्योहारी खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ी भीड़

- देर रात तक बाजारों में मिठाई रंग, पिचकारी और नमकीन की खरीदारी करते रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शहर के बाजारों में होली त्योहार की खरीदारी के लिए भीड़ बढ़ गई है। इंदिरानगर, भूतनाथ, गोमतीनगर, पत्रकारपुरम, अलीगंज, डंडहिया, आलमबाग, चौक, रकाबगंज, यहियागंज, नाका हिंडोला समेत सभी बाजारों में लगी पिचकारी, रंग, गुलाल, गुझिया, मिष्ठान, कचरी-पापड़, कपड़ा समेत दुकानों पर खरीदारों का हुजूम दिख रहा है।

रविवार देर रात तक रंग, पिचकारी, नमकीन और मिठाई की दुकानों में खूब भीड़ रही। ग्राहकों को मिठाई की दुकानों में गुझिया व अन्य मिठाई खरीदने के लिए इंतजार करना पड़ा। रंग, पिचकारी, मिष्ठान, ड्राई फ्रूट आदि बाजार मंगलवार को भी खुलेंगे। सोमवार व मंगलवार को बाजार खुले रहेंगे।

उत्तर प्रदेश कपड़ा उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष अशोक मोतियानी और स्वदेशी मार्केट के महामंत्री प्रभू जालान ने बताया कि अमीनाबाद, गणेशगंज समेत अन्य बाजारों में भी कपड़े की दुकानें मंगलवार को खुली रहेंगी। उन्होंने बताया कि होली के साथ साथ ईद के लिए पठानी सूट, प्रिंटेड पठानी सूट, कुर्ता पायजामा और लेनिन शर्ट व टाउजर की मांग ज्यादा है। मिठाई की दुकानें भी मंगलवार को खुलेंगी। अमीनाबाद बाजार में पंडाल तैयार हो रहा है।

# एसजीपीजीआई की ओपीडी में कल नए मरीज नहीं देखे जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : होली पर 3 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित है। जिसके चलते संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में भी विशेष व्यवस्था लागू रहेगी। संस्थान प्रशासन के अनुसार 3 मार्च को ओपीडी में नए मरीजों का पंजीकरण नहीं किया जाएगा।

हालांकि जिन पुराने रोगियों को पूर्व में ओपीडी परामर्श के लिए तारीख दी गई है, उन्हें निर्धारित समय पर देखा जाएगा। विभिन्न विभागों में जिन मरीजों की जांच पहले से तय है, उनकी जांचें भी नियत कार्यक्रम के अनुसार संपन्न होंगी। पूर्व निर्धारित ऑपरेशन भी यथावत किए जाएंगे। संस्थान ने स्पष्ट किया है कि 24 घंटे संचालित होने वाली लैब सेवाएं और आकस्मिक (इमरजेंसी) सेवाएं सामान्य रूप से चालू रहेंगी। हालांकि ओपीडी का सैंपल कलेक्शन केंद्र बंद रहेगा। इसके अतिरिक्त प्रशासनिक भवन और शैक्षणिक ब्लॉक में अवकाश रहेगा। वहीं, अगले दिन बुधवार को ओपीडी का संचालन पूरी तरह बंद रहेगा।

## गोमती आरती और नशा मुक्त होली मिलन कल

**अमृत विचार, लखनऊ:** सनातन महासभा की ओर से पूर्णिमा पर 149वीं आदि गंगा गोमती की महाआरती व सनातन समागम के साथ फूलों की होली का आयोजन 3 मार्च मंगलवार को शाम 6:30 बजे झूलेलाल वाटिका में किया जायेगा। महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि होली के अवसर पर कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2026 में नशा मुक्ति अभियान चलाने का संकल्प लिया जाएगा। नशा मुक्त होली मनाए जाने के लिए युवाओं को घर घर जाकर प्रेरित करेंगे।

एलडीए

अप्रैल में खुलेंगे पंजीयन, पहले आईटी सिटी में किसानों को दिए जाएंगे भूखंड

# नैमिष नगर, वरुण विहार, आईटी सिटी और वेलनेस सिटी का नवरात्र में भूमि पूजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण अपनी नैमिष नगर, वरुण विहार, आईटी सिटी और वेलनेस सिटी योजना का एक साथ नवरात्र में भूमि पूजन करेगा। इसके बाद अप्रैल में भूखंडों का पंजीयन खोला जाएगा। प्राधिकरण ने योजनाएं लांच करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इससे पहले आईटी सिटी योजना में जमीन देने वाले किसानों को भूखंड आवंटित कर दिए जाएंगे।



प्राधिकरण की बीकेटी में नैमिष नगर योजना, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर वरुण विहार, सुल्तानपुर रोड पर आईटी व वेलनेस सिटी योजना प्रस्तावित हैं। सभी योजनाओं में किसानों से जमीन लेकर सेक्टर विकसित करने का काम तेजी से चल रहा है। अब एलडीए इन योजनाओं का एक साथ नवरात्र में भूमि पूजन करेगा। इसके बाद लांचिंग करके भूखंडों का पंजीयन खोल दिया जाएगा। एलडीए ने नैमिष नगर योजना में 400 हेक्टेयर जमीन अपने पक्ष में लेकर 250 हेक्टेयर का बैनामा करा लिया है। इसी तरह वरुण विहार योजना में 550 हेक्टेयर जमीन लेकर 300 हेक्टेयर का बैनामा करा लिया है। आईटी सिटी में 2200 एकड़ और वेलनेस में 300 एकड़ तक जमीन अधिग्रहित कर ली है।

### बोर्ड में रखी जाएगी आईटी सिटी की एसओपी

- एलडीए आईटी सिटी योजना की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाकर मार्च में होने वाली बोर्ड बैठक रखेगा। स्वीकृति मिलते ही आम लोगों के लिए पंजीयन खोलते हुए आवंटन, कब्जा, रजिस्ट्री आदि प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रस्ताव में भूखंड का पंजीयन, क्षेत्रफल, आवंटन, कब्जा, रजिस्ट्री आदि कैसे और किस आधार पर करना है इसके नियम व मानक बनाए जाएंगे। इस आधार पर योजना का संचालन किया जाएगा।

### एक नजर में योजनाएं

**वेलनेस सिटी क्षेत्रफल - 1197 एकड़**

- सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मेडिकल कॉलेज
- डायग्नोस्टिक सेंटर विपासना केन्द्र, मेडिटेशन सेंटर
- सप्त ऋषियों के नाम से सात सेक्टर
- 112.50 से 450 वर्गमीटर के 2935 आवासीय भूखंड
- ग्रुप हाउसिंग व व्यावसायिक उपयोग के बड़े भूखंड

**आईटी सिटी क्षेत्रफल - 2858 एकड़**

- हाईटेक प्रौद्योगिकी व ग्लोबल बिजनेस पार्क
- साइंस एवं इंजीनियरिंग उपकरण क्षेत्र
- सुपर स्पेशलिटी मेडिकल जोन के भूखंड
- 72 से 1250 वर्गमीटर के 4025 आवासीय भूखंड
- 360 एकड़ का इन्डस्ट्रियल एरिया,
- 15 एकड़ क्षेत्रफल में वाटर बॉडी

**वरुण विहार क्षेत्रफल - 6580 एकड़**

- 25 सेक्टर, 15 हजार से ज्यादा भूखंड
- उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा व लॉजिस्टिक क्षेत्र का विकास
- 800 एकड़ में ग्रीन बेल्ट, पार्क व वाटर बाड़ी
- एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्फ कोर्स
- सेंटर पार्क, 300 एकड़ में लॉजिस्टिक पार्क

**नैमिष नगर क्षेत्रफल - 2678 एकड़**

- तीन लाख लोगों को आवासीय सुविधा
- चौड़ी सड़कें, ग्रीन बेल्ट, पार्क, स्कूल, अस्पताल
- कम्यूनिटी सेंटर, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, व्यावसायिक केंद्र
- उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा व लॉजिस्टिक क्षेत्र का विकास

### ऐशबाग स्क्वायर के पंजीयन खत्म, जल्द आवंटन

- अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण ऐशबाग स्थित मिल रोड पर 27 मंजिल का ऐशबाग स्क्वायर बनाएगा। चार टॉवर के अपार्टमेंट में 1900 वर्गफिट के 3 बीएचके एवं स्टडी श्रेणी के कुल 384 लग्जरी फ्लैट बनेंगे। इसकी कीमत 1.11 करोड़ रुपये से शुरू होगी। 28 फरवरी तक फ्लैटों का पंजीयन पूर्ण हो गया है। जल्द आवंटन की प्रक्रिया की जाएगी। फ्लैटों के पंजीकरण एलडीए की वेबसाइट पर किए गए थे। प्रक्रिया के दौरान फ्लैट के अनुमानित मूल्य की पांच फीसद धनराशि बतौर पंजीकरण शुल्क जमा किया गया है, जोकि आरक्षित वर्ग के लिए 2.5

## म्यूजियम का लोकार्पण अब होली बाद होगा

**अमृत विचार, लखनऊ:** हुसैनाबाद में लखनऊ म्यूजियम ऑफ हेरिटेज एंड आर्ट का 1 मार्च को लोकार्पण टल गया। अब होली बाद तिथि तय करके लोकार्पण किया जाएगा। प्राधिकरण ने लगभग 4973 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 41.43 करोड़ रुपये से म्यूजियम बनाया है। यह प्रदेश की पहली ऐसी आईकॉनिक बिल्डिंग है, जहां बिना किसी कॉलम या पिलर के सहारे के 45 मीटर लंबा कैंटीलीवर निर्मित किया गया है। म्यूजियम भवन की आकर्षक डिजाइन इस इमारत को एक अलग पहचान देती है। म्यूजियम में विभिन्न तरह की गैलरी विकसित की गयी हैं। जिनके नाम 'मूल धारा, हुनर का सफर, हस्तशिल्प, सांझी आस्था, गंगा-जमुनी तहजीब, कारीगरी, महफिल-ए-अवध, नृत्यकला, नाट्यशाला, सोच एवं संवाद और जायका-ए-अवध' हैं।

# एफडी घोटाले में बैंक मित्र की मां, पत्नी व नौकर गिरफ्तार

## आरोपी ने तीनों के खाते में ट्रांसफर किए थे 12 करोड़, ठगी की रकम से खरीदी गई कार, जेवर और इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः मोहान रोड स्थित शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय परिसर में संचालित बैंक ऑफ बड़ौदा में करोड़ों के फर्जी एफडी घोटाले में पारा पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने जेल गए मुख्य आरोपी बैंक मित्र शिवा राव की मां, पत्नी और नौकर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ठगी की रकम से खरीदे गए जेवर, एक कार, तीन मोबाइल, लैपटॉप, प्रिंटर, करीब 47 हजार रुपये व अन्य इलेक्ट्रानिक सामान बरामद किया है। इस मामले में अब तक कुल चार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि बैंक मित्र शिवा राव ने सैकड़ों ग्राहकों को फर्जी एफडी रसीदें थमाकर और खातों से धोखाधड़ी कर करोड़ों रुपये का गबन किया था। 16 जनवरी को राम सिंह समेत 25 पीड़ितों ने शिकायत दर्ज करायी थी। जांच के दौरान धीरे-धीरे कर



आरोपी बैंक मित्र की मां, पत्नी और नौकर।

पीड़ितों की संख्या 100 से अधिक तक पहुंच गयी। जांच में सामने आया कि हड़पी गई रकम आरोपी बैंक मित्र शिवा राव ने अपनी मां कारा निर्मला, पत्नी भाग्यवती और दुकान में काम करने वाले काकोरी के नरौना निवासी विकास कुमार के खातों में करीब 12 करोड़ रुपये ट्रांसफर किया था। सबसे अधिक करीब 1.50 करोड़ रुपये नौकर विकास के खाते में भेजे गए।

इंस्पेक्टर ने बताया कि इन खातों से रकम दोबारा शिवा के अन्य खातों में स्थानांतरित की गई, जिसके बाद जेवर, रेनॉल्ट कार और अन्य कीमती सामान खरीदे गए। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 47 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण, तीन मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और प्रिंटर बरामद किया है। गबन की रकम से खरीदी गई कार भी कब्जे में ले ली गई है। पुलिस एफडी घोटाले में पूर्व में मुख्य आरोपी शिवा राव को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस अब बैंक के अन्य कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि शिवा का साथ देने वाले बैंककर्मियों का ब्योरा जुटाया जा रहा है। कुछ लोगों से पूछताछ की गई है। उसी के आधार पर अन्य लोगों को रिकार्ड खंगाला जा रहा है। साक्ष्य मिलने के बाद उनकी गिरफ्तारी भी की जाएगी।



बरामद माल के साथ हजरतगंज पुलिस की गिरफ्त में लूट के आरोपी।

# काम दिलाने के बहाने इवेंट मैनेजर को लूटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हजरतगंज इलाके में हुई वारदात का 24 घंटे में खुलासा, पांच गिरफ्तार
- आरोपियों के पास से लूट का सारा सामान बरामद किया गया

अमृत विचार : हजरतगंज में काम दिलाने के बहाने बुलाकर इवेंट मैनेजर की आंख पर पट्टी बांधी, सुनसान स्थान पर लेजाकर पिटाई पीटा और पर्स, चेन व नकदी लूट ली। पीड़ित ने शनिवार देर रात को रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने पांच आरोपियों को 24 घंटे के अंदर दबोच लिया। आरोपियों के पास से लूट का सारा सामान बरामद कर लिया।

इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक न्यू हैदराबाद निवासी रोहित बंसल इवेंट मैनेजर हैं। रोहित ने पुलिस को बताया कि उनको 26 फरवरी को आरोपियों ने काम दिलाने के बहाने से हजरतगंज इलाके में बुलाया। उनके पहुंचने के बाद आंख पर पट्टी बांधकर सुनसान स्थान पर ले गये। मारापीटा, धमकाकर ऑन लाइन रुपये ट्रांसफर कराये। साथ में पर्स, घड़ी, सोने की चेन लूट ली। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस टीम ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। सुराग मिलने पर शनिवार देर रात को तीन टीमों ने दबिश देकर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### सब्जी का ठेला लगाने वाला चलाता है गिरोह

इंस्पेक्टर के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों में महानगर के रहीमनगर पहली गली का नुरुद्दीन उर्फ समीर, अलीगंज डंडइया बाजार पांडेय टोला का रवि राजपूत, आयुष यादव, आयुष बाल्मिकी और बनारसी टोला का गोपाल सोनी शामिल है। सब्जी का ठेला लगाने वाला समीर गिरोह का सरगना है। गिरोह में शामिल रवि व आयुष यादव कपड़े की दुकान पर काम करते हैं। वहीं आयुष बाल्मिकी सफाई कर्मी है। आरोपियों के पास से एक सोने की चेन, एक पर्स, 14,400 रुपये नकद, एचडीएफसी बैंक का एटीएम कार्ड और घटना में प्रयुक्त चार मोबाइल बरामद किया गया है।

### ऑनलाइन फंसाकर बुलाते और लूट लेते

पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि ऑनलाइन ऐसे लोगों की जानकारी जुटाते थे। जिनको काम की जरूरत होती थी। उनको नौकरी दिलाने का झांसा देकर बुलाते। उसे सुनसान स्थान पर ले जाकर लूटपाट करते। ऑन लाइन रुपये ट्रांसफर कराते।

## सिटी ब्रीफ

### बिल्डर से मांगी चार लाख की रंगदारी

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी सेक्टर-सी निवासी सिद्धार्थ शर्मा स्वास्तिक मल्टीट्रेड कंपनी के मालिक हैं। वह मोहनलालगंज ग्राम शिवलर में टाउनशिप विकसित कर रहे हैं। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने बताया कि गोमतीनगर विनीत खंड निवासी सरवन कुमार उनसे चार लाख रुपये प्रतिमाह रंगदारी मांग रहे हैं। आरोपित और उसके साथियों ने पीड़ित को एक रेस्टोरेंट में बुलाया। यहां उसके साथ बदसलूकी की। रंगदारी देने से इंकार करने पर आरोपितों ने पीड़ित को जानमाल की धमकी दी। झूठे आरोप लगाकर आरोपित पीड़ित के खिलाफ विभिन्न विभागों में पत्र भेज रहे हैं। आरोप है कि शिकायत करने पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने कोर्ट के जरिए आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

### घर से भागी पांच किशोरियों को स्टेशन पर उतारा

अमृत विचार, लखनऊ : बिहार के सहरसा जिले से घर से भागकर पांच किशोरियां ट्रेन से दिल्ली जा रहीं थीं। ये किशोरियां दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12565) के स्लीपर कोच एस-2 में थीं। छपरा-ऐशबाग के बीच ड्यूटी कर रहे टिकट परीक्षक आरएन मीना को शक हुआ तो उन्होंने आरपीएफ कंट्रोल रूम को सूचना दी। शनिवार देर रात ट्रेन के ऐशबाग जंक्शन पहुंचते ही आरपीएफ और चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने पांचों को उतार लिया। आरपीएफ थाना प्रभारी देवेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार शुरुआती पूछताछ में पता चला कि सभी किशोरियां सहरसा के एक ही गांव की रहने वाली और आपस में रिश्तेदार हैं। नाराज होकर घर से निकल पड़ी थीं। पांचों की उम्र 14 से 16 वर्ष के बीच बताई जा रही है। उन्हें चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंप दिया गया है तथा परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### किशोरी को अगवा करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : किशोरी को अगवा करने वाले आरोपी को चिनहट पुलिस ने पिकनिक स्पॉट रोड से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ललित अवस्थी चिनहट के नेवादा गोयला का रहने वाला है। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि 2 फरवरी को किशोरी की मां ने आरोपी ललित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने 28 फरवरी को किशोरी को बरामद किया था।

### घरों में काम करने वाली महिलाएं सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : मिशन शक्ति के अंतर्गत नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से नव अंशिका महिला माह की शुरुआत रविवार (1 मार्च) को हुई। नव अंशिका श्रमदेवी शक्ति सम्मान समारोह में अनीता, सीमा, माया, नेहा, रेखा, रंजीता, पूनम, वर्षा का जन्मदिन मनाया गया। उन्हें साड़ी और किचन आइटम भेंट किये गये। इसके बाद महिलाओं ने भजन और गीत ही नहीं सुनाए बल्कि डीजे के गानों पर डांस किया। 8 मार्च को महिला दिवस पर स्लोगन और चित्रकला प्रतियोगिता होगी। इसके लिए 7 मार्च तक कृतियां व्हाट्सएप नंबर 9721700025 पर भेजी जा सकती हैं। संस्था की उपाध्यक्ष नीरा लोहानी, अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी मंजू बिष्ट, रेखा शर्मा, चन्द्र प्रभा मायर, सावित्री देवी, रचना सिंह, पूनम पाण्डेय, ललिता सरीन, आभा सिंह, गरिमा श्रीवास्तव, शाहिन खान, रेनू जोशी, डॉ.शालिनी दत्त, आनंदिता कौशिक, पम्मी मायर, प्रीति शर्मा उपस्थित रही।

# कंपनी कर्मियों ने बिजली बिल के 42.32 लाख हड़पे

संवाददाता, आलमबाग

- यूपीपीसीएल की अनुबंधित कंपनी के जोनल मैनेजर व दो कलेक्शन एजेंट पर रिपोर्ट

अमृत विचार : बिजली उपभोक्ताओं से वसूले गए बिल के 42.32 लाख रुपये यूपीपीसीएल की अनुबंधित कंपनी ने जोनल मैनेजर व दो कलेक्शन एजेंटों ने हड़प लिया। आरोप है कि 1 नवंबर को कलेक्शन के रुपये उपभोक्ताओं लिए गए, लेकिन कंपनी के खाते में जमा नहीं किए गए। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के आदेश पर कृष्णानगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी निवासी अनुराग गुप्ता ने बताया कि उनकी कंपनी सरल ई-कमर्स प्राइवेट लिमिटेड का यूपीपीसीएल से एक वर्ष का अनुबंध है। कंपनी ने बिजली बिल जमा करने के लिए प्रदेश भर में उपकेंद्रों व पावर हाउस पर अपने कर्मी लगा रखे हैं। क्यूआर कोड व नकद जमा कर कैश कलेक्शन एजेंट कंपनी के बैंक खाते में जमा करते हैं। इसकी जिम्मेदारी जोनल मैनेजर की होती है।

कंपनी के निदेशक अनुराग गुप्ता ने बताया कि वाराणसी जिले के सभी पॉवर हाउस में कंपनी के कर्मचारी बिल कलेक्शन और जमा करने का काम करते थे। वाराणसी व जौनपुर में इसकी जिम्मेदारी जोनल मैनेजर शिवम श्रीवास्तव, कैश कलेक्शन एजेंट सुशील कुमार यादव, प्रिंस वर्मा केपास है। आरोप है कि इन लोगों ने अपने पद का दुरुपयोग करअन्य कर्मचारियों की मिलीभगत से कंपनी धनराशि हड़प ली।

1 नवंबर 2025 को जब कंपनी के खाते में रुपये जमा नहीं हुए तो लखनऊ कार्यालय से पूछताछ पर सुशील कुमार यादव ने कहा कि रुपये उनके घर पर रखे हैं। अगले दिन जमा कर देंगे लेकिन जमा नहीं किए। लगातार टालमटोल पर 6 नवंबर को कंपनी की जांच टीम वाराणसी पहुंची। जांच के दौरान जोनल मैनेजर शिवम श्रीवास्तव व कैशियर सुशील कुमार यादव बहाने बनाने लगे। साथ ही लखनऊ कार्यालय की इंट्री को ही गलत बताया। जोनल मैनेजर अपनी टीम के साथ हिसाब मिलान के लिए लखनऊ पहुंचे। छानबीन में पता चला कि आरोपियों ने कुछ कलेक्शन एजेंटों की मदद वाराणसी क्षेत्र में 37,44,906 रुपये और जौनपुर की आईडी को वाराणसी में इस्तेमाल कर 4,86,998 रुपये का गबन किया है। कृष्णानगर पुलिस ने निदेशक की तहरीर पर वाराणसी के जोनल मैनेजर शिवम श्रीवास्तव निवासी संतरविदास नगर, कैश कलेक्शन एजेंट सुशील कुमार यादव निवासी वाराणसी, प्रिंस वर्मा निवासी चकेरी कानपुरनगर व अन्य अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कारोबारी से हड़पे 25 लाख व तीन वाहन

अमृत विचार, लखनऊ : इंदिरानगर बी-ब्लॉक निवासी कारोबारी परवेज ने बताया कि फरवरी 2022 में दखिना शेखपुर निगोहां निवासी विकास तिवारी मुलाकात हुई। वह किराये पर ईंट भट्ठों पर वाहन चलवाता है। परवेज ने मई 2022 में न्यू लखनऊ इंटर प्राइजेज फर्म का रजिस्ट्रेशन कराकर जुलाई 2023 में फर्म के नाम पर जेसीबी लेकर विकास को भट्ठे पर चलवाने के लिए दे दी। प्रतिमाह किराया डेढ़ लाख रुपये तय हुआ था, लेकिन विकास 20 हजार तो कभी 50 हजार ही देता था। विरोध करने पर 19 सितंबर 2023 को अनुबंध किया और खाते में 25 लाख ट्रांसफर करा दिए। इसके बाद भट्ठे के प्रचार के लिए परवेज की दो एसयूवी ले ली। इसका किराया नहीं दिया। बातों में फंसाकर 25 लाख रुपये भी वापस ले लिए। 2025 तक न किराया दिया और न वाहन लौटाए। पीडित ने डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह से शिकायत की। उनके आदेश पर गाजीपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार मौर्या ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### मांझे से घायल डॉक्टर ने दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : चौक-हैदरगंज फ्लाईओवर पर 25 फरवरी को मांझे की चपेट में घायल केजीएमयू ने चौक कोतवाली में के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज करई है। मूल रूप से जौनपुर निवासी डॉ. दीपक कुमार गुप्ता केजीएमयू के सामुदायिक चिकित्सा विभाग में कार्यरत हैं। 25 फरवरी को सुबह करीब 10 बजे वह बाइक से ड्यूटी के लिए सरोजनीनगर सीएचसी जा रहे थे। तभी चौक फ्लाईओवर पर विशाला मेगा मार्ट के पास वह प्रतिबंधित मांझे की चपेट में आ गए। हेल्मेट पहने होने के बाद भी उनकी नाक व दोनों आंखों के पास गहरे घाव हो गए। आंख फूटने से बची। डॉ. दीपक ने बताया कि मांझे के कारण ही पहले ही एक युवक की गला कटने से मौत हो चुकी है। हाईकोर्ट के बाद भी मांझे से लगातार लोग घायल हो रहे हैं। हालत में सुधार होने के बाद पीड़ित डॉक्टर ने चौक कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।



शहर के घंटाघर के पास रविवार दोपहर को काफी देर तक जाम लगा रहा, जाम में फंसे वाहन चालक। अमृत विचार

# सुभाष हॉस्टल में छात्र ने फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दो दिन पहले ही गृह जनपद बलिया से लौटा था लविवि का छात्र
- फॉरेंसिक टीम ने की रूम नंबर-52 में जांच

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय के सुभाष हॉस्टल में रविवार को स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र नवीन कुमार (20) ने आत्महत्या कर ली। दोपहर में खाना खाने के लिए साथी छात्र बुलाने पहुंचे तो कमरे का दरवाजा नहीं खुला। सूचना पर पहुंची हसनगंज पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर शव लटका मिला। पुलिस ने कमरे में छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर छानबीन की। साथियों ने बताया कि नवीन कुछ दिन से वह तनाव में था। दो दिन पहले ही वह गांव से लौटा था।



नवीन कुमार

एसीपी महानगर अंकित कुमार ने बताया कि मूल रूप से बलिया के सिकंदरपुर चक उसरैला निवासी नागेंद्र कुमार का बेटा नवीन कुमार लविवि का छात्र था। वह सुभाष हॉस्टल के कमरा नंबर-52 में रहता था। साथी रूम मेट यशवीर सिंह तीन दिन पूर्व अपने गांव चला गया था। नवीन कमरे में अकेले रह रहा था। दो दिन पहले ही वह घर से वापस लौटा था। रविवार दोपहर साथी छात्र खाना खाने के लिए बुलाने पहुंचे। दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

छात्रों ने डॉयल-112 पर सूचना दी। पुलिस ने परिवारवालों और गुडंबा में रहने वाले एक रिश्तेदार को फोन कर बताया। पुलिस ने वीडियोग्राफी करते हुए दरवाजा तोड़ा तो भीतर कमरे में फंदे पर नवीन का शव लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर गृह जनपद चले गए। उन्होंने कोई आरोप नहीं लगाया है। एसीपी ने बताया कि साथी छात्रों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नवीन आर्थिक तंगी से कुछ परेशान था। इसके अलावा उसके कुछ पारिवारिक कारण भी थे। इसलिए भी वह परेशान रहता था।

### मोबाइल बंद कर दो दिन रहा था गायब

साथियों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व भी नवीन हॉस्टल से कहीं चला गया था। वह दो दिन तक अपना मोबाइल भी स्विच ऑफ रखे रहा। उसके बाद वह वापस लौट आया था। दोस्तों ने उससे काफी पूछा था लेकिन उसने कुछ बताया भी नहीं था।

# बुजुर्ग समेत पांच के खाते से उड़ाए 26.04 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नेट बैंकिंग, बैंककर्मी और डॉक्टर को अपॉइंटमेंट के नाम पर फंसाया
- साइबर थाना, कृष्णानगर, दुबग्गा व गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचारः साइबर जालसाजों ने बुजुर्ग और निजी कंपनी के प्रोजेक्ट हेड समेत पांच के खाते से 26.04 लाख रुपये उड़ा लिए। पुलिस सभी मामलों को दर्ज कर जांच कर रही है।

सुशांत गोल्फ सिटी के अर्जुनगंज ओमेक्स निवासी योगेंद्र कुमार विभूतिखंड स्थित एक कंपनी में प्रोजेक्ट हेड हैं। उन्होंने बताया कि साइबर जालसाज ने 17 फरवरी को उनके एचडीएफसी बैंक के खाते से तीन बार में 10 लाख रुपये पार कर दिए। जालसाज ने नेट बैंकिंग को हैक कर ठगी की है। पीड़ित ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इंदिरानगर के राजीवनगर निवासी 81 वर्षीय नलिन चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ दिन पहले फोन आया। फोन करने वाले ने खुद का पीएनबी मुख्यालय नई दिल्ली में कार्यरत दीपक मिश्र बताया। कहा, निरंतर लाभ और जीवन प्रमाण पत्र के लिए किसी भी पेंशन खाते को पीएनबी वन मोबाइल एप से लिंक करना जरूरी है। उसने एपीके फाइल भेजी। लिंक पर क्लिक करने पर मैसेज आने लगे। इसके बाद उनकेपत्नी बीना के खाते से 20 बार से अधिक 9.81 लाख रुपये निकल गए। नलिन ने खाते फ्रीज कराने के बाद साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कृष्णानगर के जयप्रकाश नगर निवासी मनीष केवलानी ने बताया कि 17 फरवरी को जालसाज ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के खाते से नौ बार में 1,15,100 रुपये निकाल लिए। दुबग्गा के बसंतकुंज निवासी सुनील कुमार अवस्थी ने बताया कि 25 फरवरी को अपोलो हॉस्पिटल में डॉक्टर के अपॉइंटमेंट के लिए फोन किया। उधर से बात करने वाले ने एप डाउनलोड कराया। इसके बाद यूपीआई के माध्यम से 4.13 लाख रुपये खाते से निकला लिए गए। इंदिरानगर के हरीनगर निवासी नीरज कुमार पटेल के खाते से जालसाज ने 95 हजार पार कर दिए।

### गैस सिलेंडर डिलीवरी ब्वॉय की बाइक फूंकी

अमृत विचार, लखनऊ : उन्नाव के हसनगंज निवासी गैस सिलेंडर डिलीवरी ब्वॉय सुशील मिश्रा 17 वर्षीय बेटे हर्षित के साथ मकबूलगंज में रहते हैं। आरोप है कि 22 फरवरी की रात करीब 12 बजे अज्ञात ने उनकी बाइक में आग लगा दी। किसी तरह से उन्होंने पानी डालकर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक बाइक पूरी तरह से जल चुकी थी। सुशील ने शशांक पर बाइक में आग लगाने का संदेह जता कैसरबाग कोतवाली रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# व्यवसायी से प्लॉट का सौदा कर ठगे 60 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीसीपी साउथ के आदेश पर बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचारः बिजनौर थाना क्षेत्र स्थित लोनहा गांव में प्रॉपर्टी डीलर व जालसाज ने प्लॉट का बैनामा कर व्यवसायी से 60 लाख रुपये ठग लिए। बाद में पीटा और जान से मारने की धमकी दी। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के आदेश पर बिजनौर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

गोसाईंगंज के सदरपुर बाजार निवासी रमेश रावत ने बताया कि जनवरी 2025 में परिचितों के माध्यम से प्रॉपर्टी डीलर वकील अहमद निवासी हेमरापुर मलिहाबाद से प्लॉट के सिलसिले में बात की थी। वकील ने माल एवेन्यू निवासी कृष्णा सेठी के साथ बिजनौर के लोनहा गांव में प्लॉट दिखाया। मलिहाबाद के हेमरापुर निवासी विजय कुमार, उनके भाई विपिन कुमार, अजय कुमार, मां जगतकुमारी, बहन संजू गौतम, नीतू गौतम को प्लाट का मालिक बता मुलाकात कराई। बैनामा के बाद भूमि को आवासीय कराने का आश्वासन भी दिया। प्लॉट का सौदा 40 लाख और आवासीय कराने के लिए 35 लाख में बात तय हुई। रमेश ने 15 फरवरी को डीडी के माध्यम से 60 लाख देकर बैनामा करा लिया। छह महीने बाद भी भूमि आवासीय न होने पर वकील अहमद और कृष्णा सेठी से संपर्क किया, उन्होंने डेढ़ माह की मोहलत मांगी। इसके बाद भी संपर्क करने पर गाली-गलौज कर धमकाया। रमेश ने छानबीन कराई तो पता चला कि विक्रेता के पिता हजारी लाल प्लॉट पहले ही बेच चुके थे। इसके बाद रमेश ने बिजनौर थाने में विजय कुमार, उनका भाई विपिन कुमार, अजय कुमार, मां जगतकुमारी, बहन संजू गौतम, नीतू गौतम, वकील अहमद और कृष्णा सेठी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### रिटायर्ड आईएएस की जाली आईडी बना ठगी

अमृत विचार, लखनऊ : विराजखंड-4 निवासी रिटायर्ड आईएएस हरीश चंद्र ने बताया कि जालसाज ने उनके नाम से फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाई। उस आईडी से कई लोगों को मैसेज किए। फोन नंबर लेकर कहा कि मित्र सीआरपीएफ अधिकारी आशीष कुमार का ट्रांसफर हुआ है, वह फर्नीचर व सामान कम कीमत पर बेच रहे हैं। आपका नंबर दिया है। हरीश चंद्र की सहारनपुर में रहने वाली भांजी से सामान बेचने के नाम पर 13 हजार ऐंठ लिए। फर्जी आईडी के माध्यम से ठगी की जानकारी होने पर पीड़ित हरीश चंद्र ने विभूतिखंड थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच की जा रही है।

## अनदेखी

शहर में हनुमंत धाम मंदिर के पास सार्वजनिक शौचालय से संचालित की जा रही डग्गामार बसें

# परिवहन आयुक्त कार्यालय के पास अवैध बस अड्डा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः शहर में हनुमंत धाम मंदिर के पास बने सार्वजनिक शौचालय को डग्गामार बस चालकों ने अवैध रूप बस स्टैंड बना लिया है। परिवहन आयुक्त कार्यालय से कुछ ही दूरी पर इस शौचालय के पास सवारियां बैठाई और उतारी जा रही हैं। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

ये अवैध बस अड्डा कैसरबाग और अवध बस स्टैंड के करीब है। डग्गामार बसों के कारण दोनों बस स्टैंड की आय पर भी असर पड़ रहा है। फैजाबाद रोड की ओर से आने वाली डग्गामार बसें बीबीडी यूनिवर्सिटी के पास लगे बैरियर और किसान पथ से सर्विस लेन




सार्वजनिक शौचालय के सामने खड़ी डग्गामार बस।

होते हुए मल्हार, हाईकोर्ट के पीछे और लोहिया अस्पताल के सामने से परिवहन आयुक्त कार्यालय के सामने से चौक स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी तक पहुंचती हैं। सूत्रों के अनुसार, अवैध बस संचालक रसूखदार लोगों के संरक्षण में कार्य करते हैं, जिससे कार्रवाई प्रभावित होती है। हाल ही में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर पर स्लीपर बस हादसे में कई लोगों की जान चली गई थी। होली के समय डग्गामार बसों में अधिक सवारियां बैठाने से हादसे की आशंका बनी रहती है। उप परिवहन आयुक्त लखनऊ परिक्षेत्र राधेश्याम ने कहा कि एआरटीओ को निर्देशित किया गया है कि होली के दौरान यात्रियों की सुविधा और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की जाए। अवैध वाहन संचालन पर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर नियमित कार्रवाई की जाए।

### 197 स्कूल वाहन संचालकों को नोटिस जारी

अमृत विचार, लखनऊ : शहर में कई नामी स्कूलों के बच्चों को लाने और ले जाने वाले वाहन बिना परमिट के चलाए ज रहे हैं। इनमें कई वाहनों का फिटनेस प्रमाणपत्र भी समाप्त हो चुका है। ऐसे 197 स्कूल वाहनों संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं। सूची के अनुसार ये वाहन मां भगवती एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, ग्लोबल एजुकेशनल वेलफेयर स्कूल, सेंट फ्रांसिस जेवियर स्कूल, सिटी मांटेसरी स्कूल, स्वर्णिम पब्लिक स्कूल, वारिस पब्लिक स्कूल, मॉडर्न प्रोग्रेसिव कान्वेंट, देश भारती पब्लिक स्कूल, सिद्धांत वर्ल्ड स्कूल, सूर्या पब्लिक स्कूल, कुंवर ग्लोबल स्कूल और एसकेडी एकेडमी स्कूल में संचालित होते हैं। अभिभावक राहुल और तनिष्क अभिभावकों ने नियमित जांच अभियान चलाकर ऐसे वाहन संचालकों पर कार्रवाई की मांग की है। एआरटीओ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि वाहन स्वामियों नोटिस भेजे गए हैं। अगर परमिट का नवीनीकरण और फिटनेस जांच नहीं कराई तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### गोमती से निकाला तीन क्विंटल कचरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छ पर्यावरण सेना ने रविवार को गोमती नदी स्वच्छता अभियान चलाकर नदी की तलहटी से लगभग 3 क्विंटल कचरा बाहर निकाला। संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में स्वयं सेवकों ने सुबह 5 :30 बजे झूले लाल पार्क गोमती नदी तट पर अभियान चलाने के बाद आदि गंगा गोमती मां की विधिवत आरती की और सरकार से नदी में गिरने वाले नालों को बंद करने की मांग की।

### सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** डालीगंज जैन बाग जैन मंदिर में चल रहे 1008 श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में रविवार को बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया। मंदिर के भक्त पारस जैन ने बताया कि यह अनुष्ठान 8 दिन का होता है। यह 24 फरवरी से चल रहा है सोमवार को सुबह 10 बजे इसका समापन होगा। इसमें महिला मंडल द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

### आंदोलन को इप्सेफ ने दिया समर्थन

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन पब्लिक सर्विस एम्पलाइज फेडरेशन (इप्सेफ) ने यूनाइटेड टीचर्स फेडरेशन यूपी के आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। इप्सेफ की ऑनलाइन बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसबी सिंह, महासचिव प्रेमचंद और उप महासचिव अतुल मिश्रा ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि शिक्षकों की टीईटी संबंधी समस्या का समाधान संवाद के माध्यम से किया जाए। प्रधानमंत्री से आग्रह किया गया कि पुराने शिक्षकों को पुन: टीईटी परीक्षा देने के लिए बाध्य करना उचित नहीं है। इप्सेफ ने सभी राज्यों के अध्यक्षों व महामंत्रियों को आंदोलन में सहयोग देने के निर्देश दिए हैं तथा चेताया है कि शिक्षकों की नाराजगी सरकार पर भारी पड़ सकती है।

### शादी अनुदान के लिए करें आवेदन

**अमृत विचार , लखनऊ :** समाज कल्याण विभाग की शादी अनुदान योजना के लिए जरूरतमंद आवेदन कर सकते हैं। सरकार ने 859 लाभार्थियों के लिए 171.8 लाख रुपये बजट दिया है। ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि योजना के तहत 20 हजार रुपये पिता को मिलते हैं। इसके आवेदन बेटी की शादी होने से 90 दिन पहले या फिर शादी होने के बाद 90 दिन तक पिता को करना है। वित्तीय वर्ष खत्म होने से पहले आवेदन करें। अनुसूचित जाति के 572 लाभार्थियों के लिए 114 .4 लाख रुपये और 287 सामान्य वर्ग के लाभार्थियों के लिए 57 .4 लाख रुपये बजट मिला है। कोई लाभार्थी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से वंचित है तो आवेदन करे।

### नर्सिंग कैडेटों की प्रस्तुति ने मोहा मन

**अमृत विचार, लखनऊ :** कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कमान हॉस्पिटल, मध्य कमान ने शनिवार को छावनी स्थित मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह ऑडिटोरियम में वार्षिक दिवस 'स्पंदन' का शानदार प्रदर्शन किया। इस सांस्कृतिक उत्सव में नई युवा सैन्य नर्सिंग कैडेटों के बीच पाठ्येतर गतिविधियों के लिए गहरा जुनून दिखा। मुख्य अतिथि सेना चिकित्सा कोर केंद्र एवं कॉलेज के कमांडेंट, ओआईसी रिकॉर्ड्स और एएमसी के कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह रहे। कार्यक्रम की शुरुआत नर्सिंग कैडेटों ने शानदार आर्टिस्टिक चीजों के प्रदर्शन से करके की। लखनऊ गैरिसन के सीनियर ऑफिसर्स और उनकी लेडी वाइव्स शामिल हुए।


शिया मुसलमानों के सर्वोच्च धर्मगुरु आयतुल्लाह सैय्यद अली हुसैनी खामेनेई को श्रद्धांजलि देने के लिए निकाले गए कैंडल मार्च में शामिल भीड़। अमृत विचार


धर्मगुरु खामेनेई का चित्र लिए महिला।

# शियाओं के दिलों में गम और आंखों में गुस्सा

## ख़ामेनेई को शहीद करने पर अमेरिका-इजराइल के खिलाफ नारेबाजी, कैंडल मार्च निकाल कर दी श्रद्धांलजि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ईरान के सुप्रीम लीडर और दुनिया भर के शिया मुसलमानों के सर्वोच्च धर्मगुरु आयतुल्लाह सैय्यद अली हुसैनी ख़ामेनेई की मौत से लखनऊ के शिया मुसलमानों दिलों में गम और अमरीका व इजराइली के प्रति गुस्सा दिखा।

रविवार सुबह ख़ामेनेई की शहादत की खबर सुनकर पुराने लखनऊ में लोग सड़कों पर उतर आए और अमरीका व इजराइल के खिलाफ नारेबाजी की। छोटे इमामबाड़े पर हजारों की भीड़ जमा हो गई। मौलाना यासूब अब्बास ने छोटे इमामबाड़े पर जमा हुए लोगों को संबोधित कर अमरीका व इजराइल की कड़े शब्दों में निंदा की। मौलाना कल्बे जवाद ने रात में छोटे इमामबाड़े पर विरोध प्रदर्शन और कैंडिल मार्च का एलान किया। रोजा इफ्तार के बाद शाम को 8 बजे से लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। यूनिटी कालेज से रूमी गेट तक हजारों की संख्या में सर ही सर नजर आ रहे थे। विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित इमामबाड़ा नाजिम साहब से कैंडिल मार्च निकाला गया। गुस्साए लोगों ने अमरीकी राष्ट्रपति ट्रम्प और इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू का पुतला जलाकर दोनों देशों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



अमेरिकी राष्ट्रपति ड्रोनाल्ड ट्रंप के चित्र को जलाता आक्रोशित युवक।

### हमारे रहबर को शहीद कर दिया

- मौलाना यासूब अब्बास ने ख़ामेनेई के कत्ल के लिए अमरीका और इजराइल की तीखी आलोचना की। कहा कि बेगुनाहों के खून की होली खेलने वाले इजराइल और अमरीका ने हमारे रहबर को शहीद कर दिया। टीले वाली मस्जिद के शाही इमाम मौलाना अब्दुल मन्नान ने ख़ामेनेई को शहीद किए जाने की निंदा की। उन्होंने कहा कि आयतुल्लाह खामेनेई ने एक ऐसी तहरीक चलाई जो इज़्ज़त, इत्तेहाद और हक़ व इंसाफ़ के लिए अटल प्रतिबद्धता पर क़ायम होती है। वह जुल्म के खिलाफ झुके नहीं।


कैंडल मार्च में शामिल गमजदा महिला। अमृत विचार

### शहीद का खून कभी जाया नहीं होता : सैफ अब्बास

- मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैयद सैफ अब्बास नकवी ने अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले को एक आतंकवादी हमला करार दिया है। मौलाना ने कहा कि आयतुल्लाह खामेनेई की शहादत रंग लाएगी और अमेरिका तथा इजराइल को हार का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि शहीद का खून कभी ज़ाया नहीं होता। मौलाना सैयद सैफ अब्बास नकवी ने कहा कि अमेरिका और इजराइल ने पूरी खाड़ी को युद्ध में झोंक दिया है, जिसके परिणाम पूरी दुनिया को भुगतने पड़ेंगे। हजारों मील दूर से अमेरिकी सेनायें खाड़ी में पहुंचकर जिस तरह से पूरी दुनिया के माहौल को बिगाड़ रही हैं, उससे अमेरिका और इजराइल की आतंकवाद नीति पूरी तरह स्पष्ट हो गई है। इसलिए पूरी दुनिया को अमेरिका और इजराइल की निंदा करनी चाहिए, क्योंकि आयतुल्लाह खामेनेई केवल ईरान के नेता नहीं थे, बल्कि वे दुनिया भर के हर मजलूम और कमजोर की आवाज बुलंद करते थे। आज न केवल ईरानी कौम अनाथ हुई है, बल्कि हर मजलूम और हर कमजोर अनाथ हो गया है।

### ट्रंप और नेतन्याहू युद्ध अपराधी, अल्लाह इन्हें सजा देगा

- प्रमुख शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि उसूलों की जिंदगी बसर करने वाले आयतुल्लाह ख़ामेनेई ने हमेशा अपने मुल्क को किसी के भी सामने न झुकने देने का एलान किया और फिलिस्तीन पर इजराइल के उत्पीड़न का मुखर विरोध किया। यही वजह है कि वह अमरीका और इजराइल की आंख की किरकिरी बन गए। इजराइल ने उनके घर पर मिसाइल गिराकर उन्हें शहीद कर दिया। जवाद ने कहा कि अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू युद्ध अपराधी हैं। इन्हें अल्लाह की तरफ से सजा मिलेगी।


रविवार सुबह इमामबाड़ा के पास नारेबाजी करते लोग।

### ऐसी कुर्बानी कभी जाया नहीं जाती

- उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी ने ईरान के खामेनेई की शहादत पर दु:ख का इजहार किया है। उन्होंने कहा कि आज लाखों दिल दुख और शोक से भारे हैं। हम इंसाफ़ पसंद लोगों और पूरी मुस्लिम उम्मत से आयतुल्लाह सैयद अली हुसैनी अल खामेनेई की शहादत पर अपनी गहरी ताज़ियत और हमदर्दी का इज़हार करते है। उन्होंने कहा कि ऐसी कुर्बानी कभी ज़ाया नहीं जाती। एक साबित-कदम रहबर का ख़ून ख़ामोशी में गुम नहीं होता, बल्कि वह ईमान, हिम्मत और ज़ुल्म के ख़िलाफ़ फिर से रोशन करने वाला चराग़ बन जाता है।

# नाखून में नेल पालिश तो वजू सही नहीं होगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कार्यालय आयतुल्लाह अल उज्मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराजी की ओर से जारी शिया हेल्पलाइन पर रोजेदारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी ने दिए। एक रोजेदार ने हेल्पलाइन पर पूछा कि अगर कोई व्यक्ति बच्चे की मय्यत को छूता है, तो क्या उस पर गुस्ल-ए-मस-ए-मय्यत वाजिब होगा? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि अगर बच्चा कुछ ही दिनों का हो, तब भी उसे छूने से गुस्ल-ए-मस-ए-मय्यत वाजिब हो जाएगा।

हेल्पलाइन पर एक सवाल आया कि अगर नमाज पढ़ने वाला व्यक्ति नमाज खत्म करने के बाद किसी हिस्से में शक करे कि पता नहीं सही पढ़ा या नहीं, या कुछ भूल गया, तो क्या हुक्म है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि नमाजी अगर नमाज खत्म करने के बाद किसी भी हिस्से के बारे में शक करता है, तो उसकी परवाह नहीं की जाएगी और नमाज सही मानी जाएगी। एक रोजेदार ने पूछा कि नमाज में कितनी चीजें वाजिब हैं? जवाब में बताया गया कि नमाज में 11 चीजें वाजिब होती हैं। इनमें से 5 चीजें रुकन हैं, जिनकी कमी या ज्यादती से नमाज बातिल हो जाती है। एक सवाल आया कि अगर नाखून में नेल पॉलिश लगी हो, तो क्या वजू सही होगा? जवाब में कहा गया कि नेल पॉलिश लगे नाखूनों के साथ वजू सही नहीं होगा। यह जरूरी है कि पहले नेल पॉलिश साफ की जाए, उसके बाद वजू किया जाए।

## सिटी डायरी



शिविर में मौजूद चिकित्सक व मेडिकल स्टॉफ ।

### शिविर में 45 मरीजों का हुआ एक्यूपंचर विधि से इलाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय एक्यूपंक्चर दिवस पर विकास नगर स्थित एपेक्स एक्यूपंक्चर सेंटर एण्ड पेन क्लीनिक में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया।उद्घाटन सेंटर के निदेशक डॉ. जी. पार्थ प्रतिम ने भगवान धन्वंतरि व डॉ बिजॉय कुमार बसु के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। शिविर में एक्यूपंक्चर, इलेक्ट्रो एक्यूपंक्चर, मोक्साबस्शन, कपिंग, फिजियोथेरेपी, दंत चिकित्सा, बीएमआई जांच, हेल्थ काउंसिलिंग तथा पैथोलॉजिकल जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, स्लिप डिस्क, माइग्रेन, न्यूरोपैथी, डिप्रेशन, अनिद्रा और अर्थराइटिस से पीड़ित लगभग 45 मरीजों की जांच और उपचार किया गया। फिजियोथेरेपी सेवाएं भी प्रदान की गईं।


सांसद तनुज पुनिया से चर्चा करता ईपीएन-95 का प्रतिनिधिमंडल।

### पेंशनरों के आंदोलन में शामिल होंगे पुनिया

**अमृत विचार, लखनऊ :** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर 9 मार्च को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित पेंशन बढ़ोतरी आंदोलन में तनुज पुनिया शामिल होंगे। सतीश अग्निहोत्री के नेतृत्व में लखनऊ मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने बाराबंकी से कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रित किया। तनुज राष्ट्रीय श्रम सलाहकार समिति श्रम मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य भी हैं। उन्होंने समिति में पेंशन बढ़ोतरी का मुद्दा उठाने का आश्वासन भी दिया है। समिति के प्रांतीय अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी ने पदाधिकारियों के साथ बैठक कर अधिक से अधिक पेंशनरों से 9, 10 और 11 मार्च को दिल्ली पहुंचने की अपील की है।


वार्षिक खेल दिवस में शामिल बच्चे।

### मलिन बस्ती के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सामाजिक संस्था आर्यश्री ने मलिन बस्ती के बच्चों के लिए ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया। इसमें 170 बच्चों ने प्रतिभाग किया। मंकी रेस में रघुवर प्रथम, युवराज द्वितीय और केसर तृतीय स्थान पर रहीं। बनी रेस में शुभम प्रथम, नाजिया द्वितीय और महक तृतीय स्थान पर रहीं। इस दौरान बच्चों की मांताओं महिमा पाल, दिव्यांशी, अर्पिता गुप्ता और अंजली गुप्ता को भी सम्मानित किया गया। कोरियोग्राफी सपना भारती ने की। मुख्य अतिथि प्रो. रीता बहुगुणा जोशी,विशिष्ट अतिथियों में न्यायमूर्ति वीके धवन, सृष्टि राठौर, न्यायाधीश विकास सक्सेना एवं बाल आयोग की सदस्य अनीता अग्रवाल रहीं।


सुधा सिंह के साथ चिकित्सक और स्टाफ।

### सुधा सिंह को बेस्ट मैटर्न का अवार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** टूड़ियागंज स्थित राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल की मैटर्न सुधा सिंह को प्राचार्य डॉ. डीके मौर्य ने बेस्ट मैटर्न का अवार्ड देकर सम्मानित किया। मैटर्न सुधा सिंह के रिटायर होने पर अस्पताल के सभागार में विदाई समारोह, सुंदर कांड और भजन हुए। प्राचार्य डॉ. मौर्य ने सुधा सिंह के कार्य व्यवहार की सराहना की। समारोह में अस्पताल प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र, वरिष्ठ नर्स प्रतिमा त्रिपाठी आदि रहे।

## रंगोत्सव

### पर्वतीय महापरिषद की स्थापना के रजत जयंती वर्ष कार्यक्रम में उत्तरायणी कौथिग में शामिल रही झोड़ा टीम का हुआ सम्मान

# पहाड़ी शैली में किया होली गायन और खेला गुलाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पर्वतीय महापरिषद की ओर से रविवार को गोमतीनगर स्थित पर्वतीय महापरिषद भवन में पर्वतीय शैली की होली गायन का आयोजन किया गया। पर्वतीय महापरिषद की स्थापना के रजत जयंती वर्ष में होली का विशेष आयोजन किया गया। जिसमें गोमती नगर एवं शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों एवं अन्य लोगों ने होली गायन कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर पारम्परिक होली सिद्धि के दाता विघ्न विनाशन, होली खेलें गिरिजापति नन्दन, शिव के मन माही बसे काशी, हां-हां मोहन गिरधारी जैसी लोक प्रसिद्ध होली गीतों की प्रस्तुति की गई।इस अवसर पर पर्वतीय महापरिषद के अध्यक्ष गणेश चन्द्र जोशी ने सभी को होली की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए सभी के लिए सुख-शान्ति की कामना की तथा महासचिव महेन्द्र सिंह रावत ने होली को प्रेम एवं सौहार्द का पर्व बताते हुए होली गायन की इस विशिष्ट शैली को युवा पीढ़ी को हस्तान्तरित करने का आह्वान किया तथा मुख्य संयोजक टीएस मनराल ने उपस्थित जन समुदाय को शुभकामनाएं दीं। होली के साथ ही खड़ी होली गायन भी किया गया जिसमें 43 होली गायन दलों द्वारा मनमोहक पस्तुतियां की गयीं, जिसमें लोहाघाट चम्फावत की होली, हरीश सिंह बोरा के निर्देशन में कुमाऊं, गढ़वाल, जौनसार, जौहार, मुनस्यार आदि क्षेत्रों के होली गीतों का शानदार प्रस्तुतिकरण किया गया।



होली के उपलक्ष्य में पर्वतीय महापरिषद के कार्यक्रम में एक दूसरे को रंग लगाकर थिरकतीं महिलाएं।

### ये रहे मौजूद

- कार्यक्रम में संरक्षक प्रो. आरसी पंत, नवीन जोशी, पीसी पन्त, हरीश काण्डपाल, महेन्द्र पंत, सुमन रावत, प्रेम सिंह फर्स्वाण, गोविन्द सिंह बोरा, रमेश चन्द्र उपाध्याय, शंकर पाण्डेय, ख्याली सिंह कड़ाकोटी, आनन्द सिंह कपकोटी, पुष्कर सिंह नयाल, कमल सिंह नेगी, गोविन्द पाठक, आनन्द सिंह भण्डारी, एन के उपाध्याय, गिरीश चन्द कोठारी, त्रिभुवन बोरा, गोपाल सिंह गैलाकोटी, बलवंत वांणगी, किशन सिह, भुवन पाण्डेय, डॉ. बीएस नेगी, मयंक खर्कवाल, शुभम जोशी, मंजू शर्मा पडेलिया, चित्रा काण्डपाल, बीना रावत, दमयंती नेगी, नंदा रावत, भारती काण्डपाल, नवीन चन्द्र जोशी, लक्ष्मण सिंह भण्डारी, मेहता, कैलाश बिनवाल, दिलीप सिंह, तारा काण्डपाल, दिनेश पाण्डेय उपस्थित रहे।

## सिटी ब्रीफ

### टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का महाआंदोलन होली बाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ 23 शिक्षक संगठनों ने अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ बनाकर होली बाद महाआंदोलन करने की घोषणा की है। शुरुआत सभी जिलों में मशाल जुलूस से की जाएगी और इकोगार्डन से पैदल मार्च निकाल विधानभवन घेराव के साथ समापन होगा। ऑल इंडिया प्राइमरी टीचर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय के आह्वान पर आंदोलन का फैसला लिया गया है। अटेवा प्रमुख विजय कुमार बंधु ने टीईटी अनिवार्यता को सरकार की तानाशाही बताया है। प्राथमिक शिक्षक संघ मीडिया प्रभारी हरि शंकर राठौर ने बताया कि 3 मई को प्रदेश से शिक्षक लखनऊ के ईको गॉर्डन में धरना प्रदर्शन और विधानसभा भवन घेराव में शामिल होंगे।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में अवंतिका, अनुष्का और लक्ष्मी अव्वल

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2026–27 में जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। परीक्षा में निर्धारित 277 सीटों के सापेक्ष 271 छात्र–छात्राओं का जिले से चयन हुआ है। इस परीक्षा में पीएम श्री बेसिक स्कूल, गोसाईगंज अवंतिका सिंह ने 180 में से 157 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि अनुष्का ने 153 अंक प्राप्त कर द्वितीय और लक्ष्मी ने 148 अंक अर्जित कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय स्तर पर सर्वाधिक चयन विकास खंड बक्सी का तालाब के पूर्व माध्यमिक विद्यालय, मामपुर बाना से हुआ, जहां से 9 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। चयनित सभी विद्यार्थियों को इंटरमीडिएट तक प्रतिवर्ष रुपए 12 हजार की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

### श्रीलंकाई छात्रों की प्रदर्शनी अष्टप्रवाह शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत आठ श्रीलंकाई छात्रों की कला प्रदर्शनी "अष्टप्रवाह" श्रीलंकाई कलाकारों के क्रिएटिव एक्सप्रेशन पर आधारित कला प्रदर्शनी रविवार को शुरू हुई। अलीगंज स्थिति एग्ज़िबिशन कलास्रोत आर्ट गैलरी में इसका उद्घाटन इंटरनेशनल स्टूडेंट्स एडवाइजर और निदेशक अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ प्रो. आरपी सिंह और लखनऊ यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ़ फाइन आर्ट्स के डीन डॉ. रतन कुमार ने किया। अष्टप्रवाह आठ प्रकार की धाराओं का संगम दिखाती है। इसमें हिस्सा लेने वाले छात्रों में महेश चतुरंगा, अकालंका, वेणुरा, अविंदा, मथिस्कुमार, रमनन, श्रीशांतन और जथिस्कुमार शामिल है। "अष्टप्रवाह" का मकसद युवा कलाकारों को नए लोगों से जुड़ने के लिए एक मंच प्रदान करना और भारत–श्रीलंका के बीच सांस्कृतिक आदान–प्रदान को बढ़ावा देना है।

### सामाजिक न्याय से जुड़े विज्ञान : कुलपति

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर "राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी व समागम" का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहे कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि विज्ञान का उद्देश्य केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित न रहकर सामाजिक न्याय और समावेशी विकास से जुड़ना चाहिए। विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सीके दीक्षित ने सीवी रमन की खोज 'रमन प्रभाव' का उल्लेख करते हुए विज्ञान को समाज परिवर्तन का माध्यम बताया। मुख्य अतिथि इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पैकेजिंग के प्रो. अंशुमान श्रीवास्तव ने स्टार्टअप्स में वैज्ञानिक नवाचार की भूमिका पर प्रकाश डाला। सीएसआईआर–सीमैप के प्रो. एनपी यादव ने औषधि विकास पर व्याख्यान दिया।





राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता के सब जूनियर के फाइनल में लक्ष्य पर निशाना लगातीं महाराष्ट्र की वेदिका विनोद, पश्चिम बंगाल की रेहाशी गुहा और पुरस्कृत विजेताओं के साथ भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा, यूपी तीरंदाजी एसोसिएशन के अध्यक्ष अवनीश कुमार अवस्थी और अन्य लोग।

# संध्या ने रजत और माधवी ने कांस्य पर लगाया निशाना

## रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी में हरियाणा की खिलाड़ियों ने जीते चार स्वर्ण पदक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता में अंतिम दिन हरियाणा की तीरंदाजों ने चार स्वर्ण पदकों पर निशाना लगाया। कंपाउंड जूनियर वर्ग में मेजबान उत्तर प्रदेश की संध्या ने रजत और जूनियर रिकर्व वर्ग में माधवी चौहान ने कांस्य पदक जीता। समापन समारोह में भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष और केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने विजेताओं को पदक और 11 लाख रुपये की इनामी राशि प्रदान की। राज्य में तीरंदाजों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की खेल नीति की सराहना की।

केडी बाबू स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग की रिकर्व स्पर्धा में हरियाणा की ऋद्धि ने स्वर्ण पदक जीता। पंजाब की सिमरनजीत कौर ने रजत और हरियाणा की अवनी ने कांस्य पदक हासिल किया। कंपाउंड वर्ग में हरियाणा की दीपशिखा ने स्वर्ण जीता, महाराष्ट्र की पठान महक जाकिर खान ने रजत और आरएसपीबी की जसवीर कौर ने कांस्य पदक प्राप्त किया। जूनियर रिकर्व वर्ग में हरियाणा की श्वेता सिंह ने स्वर्ण, वहीं की कीर्ति शर्मा को रजत और उत्तर प्रदेश की माधवी चौहान को कांस्य पदक जीता। जूनियर कंपाउंड वर्ग में झारखंड की राज अदिति कुमारी ने स्वर्ण, उत्तर प्रदेश की संध्या ने रजत और दिल्ली की कुमुद सैनी ने कांस्य पदक हासिल किया।

सब-जूनियर रिकर्व वर्ग में महाराष्ट्र की वेदिका विनोद वाघ ने स्वर्ण, पश्चिम बंगाल की रेहांशी गुहा ने रजत और हरियाणा की पूजा ने कांस्य पदक पर निशाना लगाया। सब-जूनियर कंपाउंड वर्ग में हरियाणा की जिया यादव ने स्वर्ण महाराष्ट्र की प्रांजल प्रवीण नरवाडे ने रजत और सौम्या संजय फड़तरे को कांस्य पदक जीता।

### संघ के अध्यक्ष अर्जुन का निशाना लॉस एंजिल्स ओलंपिक में पदक



समारोह में बोलते अर्जुन मुंडा।

**अमृत विचार, लखनऊ :** ओलंपिक की तीरंदाजी स्पर्धा में भारत अभी तक पदक नहीं मिल पाया है। किंतु लॉस एंजिल्स ओलंपिक में खिलाड़ी पदक पर निशाना लगाएं, इसकी ठोस तैयारी की जा रही है। ये बात भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कही। राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता के समापन समारोह में उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं की खोज के लिए एनटीपीसी लिमिटेडके सहयोग से रैंकिंग चैंपियनशिप आयोजित की जा रही हैं। इनकी माध्यम से उभरते खिलाड़ियों को पहचान कर अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी कराई जाएगी। जल्द ही विदेशी प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। ये कोच लंबे समय तक खिलाड़ियों के साथ जुड़कर तकनीक, मानसिक मजबूती और प्रतियोगी रणनीति पर काम करेंगे। देश में आधुनिक आर्चरी सेंटर विकसित किए जा रहे हैं। इनमें स्पोर्ट्स साइंस की मदद से खिलाड़ियों को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार किया जा रहा है। वैज्ञानिक प्रशिक्षण, डेटा विश्लेषण और फिटनेस मॉड्यूल के जरिए प्रदर्शन में निरंतर सुधार लाने की योजना है।

### भजन कौर और शीतल देवी पदक से चुकीं



निशानेबाज शीतल देवी।

- प्रतियोगिता में ओलंपियन पंजाब की भजन कौर और जम्मू–कश्मीर की पैरा तीरंदाज शीतल देवी पर सभी की नजरें टिकी थीं। रिकर्व सीनियर वर्ग में भजन कौर 12वें स्थान पर रहीं, जबकि कंपाउंड जूनियर महिला वर्ग में शीतल देवी पांचवें स्थान पर रहीं। क्वालिफाइंग राउंड में शीर्ष पर रहने के बावजूद शीतल देवी फाइनल दौर में लय बरकरार नहीं रख सकीं और पदक की दौड़ से बाहर हो गईं।



निशाना लगातीं गायिका मालिनी अवस्थी। अमृत विचार

### मालिनी अवस्थी ने भी लगाया निशाना

- समापन समारोह में मुख्यमंत्री के सलाहकार और यूपी तीरंदाजी एसोसिएशन के अध्यक्ष अवनीश कुमार अवस्थी और गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी भी शामिल हुईं। खिलाड़ियों को देखकर उत्साहित मालिनी ने धनुष उठाया और लक्ष्य पर निशाना साध दिया। उन्होंने निशानेबाजी के नियम भी कोच और आयोजकों से समझे। एसोसिएशन केमहासचिव अजय गुप्ता, ओलंपियन सत्यदेव प्रसाद, संजीव कुमार सिंह, योगेंद्र सिंह राणा और खेल विभाग के तीरंदाजी प्रशिक्षक विकास पाण्डेय, प्रतियोगिता निदेशक ब्रजेश कुमार और परिणाम प्रभारी राहुल कुमार सिंह मौजूद रहे।

### स्टार्टअप सम्मेलन में राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का दिया मंत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के 250 से अधिक स्टार्टअप का दो दिवसीय ''सविष्कार स्टार्टअप संगम 2026'' सम्पन्न हुआ। मुख्य वक्ता व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री देवदत्त जोशी ने कहा कि सविष्कार जैसे मंचों से निकलने वाले स्टार्टअप्स का उद्देश्य केवल आर्थिक लाभ कमाना नहीं होना चाहिए, बल्कि उनका मूल लक्ष्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की समस्याओं का तकनीकी समाधान खोजना होना चाहिए। यही सच्चे अर्थों में राष्ट्र निर्माण है। सविष्कार के राष्ट्रीय संयोजक निसर्ग राठौड़ ने कहा कि स्टार्टअप संगम केवल एक आयोजन नहीं बल्कि एक वैचारिक क्रांति की शुरुआत है। नवाचार और उद्यमिता के इस महाकुंभ के दूसरे और अंतिम दिन युवाओं को अपने विचारों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्ध करने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों, वक्ताओं, मेंटर्स और देश के कोने-कोने से आए छात्र प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया गया।



गोल्फ लीग में ट्रॉफी के साथ विजेता अवध ईगल्स की टीम। अमृत विचार

# गोल्फ लीग में अवध ईगल्स चैंपियन

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- लखनऊ गोल्फ लीग में गत विजेता स्पीड चार्जर्स को हराया

**अमृत विचार:** रोमांच और उतार-चढ़ाव वाले मुकाबले में अवध ईगल्स ने गत विजेता स्पीड चार्जर्स को हराकर लखनऊ गोल्फ लीग के पांचवें संस्करण का खिताब अपने नाम कर लिया।

लीग में पहली बार हिस्सा लेने उतरी अवध ईगल्स ने प्लेऑफ तक खिंचे मुकाबले में धैर्य और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।आरएस नंदा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हिंद वॉरियर्स, आदित्य प्रताप सिंह एवं सुशांत मिश्रा को सर्वश्रेष्ठ जोड़ी स्पीड चार्जर्सऔर विनई शुक्ला एवं संतोष कुमार को सर्वश्रेष्ठ वेटरन जोड़ी को पुरस्कार दिया गया।

निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर रही और स्कोर 2.5-2.5 से बराबर रहा। इसके बाद विजेता का फैसला तीन होल के प्लेऑफ से हुआ। स्पीड चार्जर्स की ओर से भरत थापर और आदि जैन ने मोर्चा संभाला, जबकि अवध ईगल्स की तरफ से आनंद शुक्ला और हर्दिक सिंह मैदान में उतरे। पहले प्लेऑफ होल में स्पीड चार्जर्स ने बढ़त बनाई, लेकिन दूसरे होल में आनंद शुक्ला की शानदार बर्डी ने मुकाबले को फिर बराबरी पर ला दिया। निर्णायक तीसरे प्लेऑफ होल में आनंद शुक्ला ने बेहतरीन नेट पार खेलते हुए अपनी टीम को यादगार जीत दिला दी। अवध ईगल्स की जीत में आनंद शुक्ला के अलावा शमशेर बहादुर सिंह, नवीन चरन और स्वप्निल राज की भूमिका भी अहम रही। तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में वेलनेस वॉरियर्स ने बीबीडी रेंजर्स को 3-2 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

### रंगोत्सव में छात्र-छात्राओं ने की जमकर मस्ती

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली पर्व पर सभी उच्च शिक्षण संस्थानों समेत विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर जमकर होली खेली। डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में "प्री होली रंग ए उत्सव" का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने होली के सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए प्रेम, सौहार्द एवं एकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर उत्सव मनाया। दृष्टिबाधित विभाग की डॉ. प्रो. आद्या शक्ति राय ने विद्यार्थियों से कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। इसी प्रकार लखनऊ विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों और छात्रावासों में छात्र-छात्राओं ने रंग गुलाल से होली खेली और एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। जबकि अंतरराष्ट्रीय छात्रवासों में होली पर्व के दिन होली खेली जाएगी और विदेशी छात्रों के लिए भोजन जलपान की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार एपी सेन गर्ल्स महाविद्यालय, नवयुग कन्या महाविद्यालय और नेताजी सुभाष पीजी गर्ल्स कॉलेज में भी छात्राओं से होली पर्व से पूर्व जमकर मस्ती किया।

## सिटी डायरी



संस्थान के शिक्षकों के साथ मिस और मिस्टर विजेता।

### मिस और मिस्टर प्रतियोगिता में अतुल्या व दीपांशु रहे विजेता

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबू बनारसी दास एजूकेशनल ग्रुप के वार्षिकोत्सव उत्कर्ष–2026 का समापन समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ। छात्राओं द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना नृत्य से हुई उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विरासत से विकास तक की श्रृखंला में ग्रुप डांस का प्रदर्शन किया गया। मिस एंड मिस्टर प्रतियोगिता में अतुल्या सिंह और दीपांषु यादव विजेता रहे। कार्यक्रम में प्रदेश भर के 100 से अधिक संस्थानों के हजारों छात्र–छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियां दी जिसमें ओवरआल चैंपियनशिप बीबीडी यूनिवर्सिटी को प्रदान की गई। चांसलर अलका दास गुप्ता, प्रेसीडेंट व प्रोचांसलर विराज सागर दास, डायरेक्टर एडीजी स्कूल देवांशी दास व ग्रुप की वाइस प्रेसीडेंट सोनाक्षी दास रही। तत्पश्चात् मुख्य अधिशासी निदेशक आरके अग्रवाल, वाइस चांसलर प्रो. एसके श्रीवास्तव, प्रोवाइस चांसलर रहे।



ट्रॉफी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विजेता टीम।

### आरिहंत–2026 के विजेता पुरस्कृत

**अमृत विचार,लखनऊ :** महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ़ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में आयोजित वार्षिक खेल, सांस्कृतिक व साहित्यिक महोत्सव आरिहंत–2026 के समापन पर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। महर्षि स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एवं महर्षि स्कूल ऑफ़ बिज़नेस मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने सबसे अधिक पदक जीते। महर्षि स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंस तथा महर्षि स्कूल ऑफ़ ह्यूमैनिटीज के विद्यार्थियों ने भी श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। महर्षि स्कूल ऑफ़ साइंस और महर्षि स्कूल ऑफ़ एग्रीकल्चर के विद्यार्थियों ने उच्च स्थान प्राप्त किए। सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ. रूपम सिंह द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। कुलपति प्रो. बीपी सिंह ने संबोधित किया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

### कान्फ्रेन्स का हुआ आयोजन

**अमृत विचार,लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन हुआ। इसमें छात्रों ने ईश्वर भक्ति से परिपूर्ण गीत–संगीत की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया के समेन्द्र शुक्ला ने समारोह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में शुक्ला ने कहा कि अच्छे समाज की आधारशिला स्कूल में ही रखी जाती है, जहां भावी पीढ़ी को चारित्रिक व नैतिक गुणों के विकास के साथ ही अपनी क्षमता व प्रतिभा के विस्तार का भरपूर अवसर उपलब्ध होता है। निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने संबोधित किया।



महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल मोती नगर ब्रांच की छात्रा को पुरस्कृत करते अतिथि।

### पुरस्कार समारोह में खेली गई होली

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल मोती नगर का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में राजेंद्र अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे। प्रबंधक सुधीर एस हलवासिया, अध्यक्ष देशराज अग्रवाल ने होली की शुभकामनाएं प्रदान कीं। मीडिया प्रभारी सुधीश गर्ग ने बताया कि फूलों की होली भी खेली गई। अध्यक्ष लोकराम अग्रवाल, सुधीश गर्ग, विनोद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र जिन्दल, संयुक्त मंत्री अमित अग्रवाल रहे।

## सख्ती

गंगा महिला छात्रावास में कुलपति के निरीक्षण में मिले थे पुरुष कर्मचारी

# महिला छात्रावासों के मेस में पुरुष कर्मचारी मिले तो ठेका रद्द

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दूषित भोजन करने से छात्राएं पड़ी थीं बीमार

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के महिला छात्रावासों में अधिकतम महिला कर्मचारी नियुक्त की जाएंगी। मेस के संचालन से लेकर भोजन वितरण भी महिलाओं के ही हाथ में होगा। पुरुष कर्मचारी काम करते पाए गए तो मेस मैनेजर और ठेकेदार पर होगी कार्यवाही। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने इसे लेकर कड़ा निर्णय लिया है जिससे छात्राओं को अधिक सहजता और सुरक्षा का अनुभव हो। उल्लेखनीय है कि गत दिनों विश्वविद्यालय के न्यू कैंपस स्थित गंगा छात्रावास में छात्राएं दूषित भोजन के कारण बीमार हो गई थी। जिसके बाद कुलपति, कुलानुशासक व कुलसचिव ने छात्रावास का निरीक्षण किया था जिसमें गंभीर अनियमितताएं पाई गई थी।

गंगा गर्ल्स हॉस्टल में प्रवेश करते ही कुलपति ने छात्रावास के कमरों, कॉमन रूम और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया था। इसके पश्चात उन्होंने मेस का निरीक्षण किया, जहां उन्हें व्यवस्थागत खामियां दिखाई दीं। भोजन परोसने के कार्य में पुरुष कर्मियों की नियुक्ति पर नाराजगी प्रगट करते हुए तत्काल प्रोवोस्ट को निर्देशित किया कि इस कार्य में महिला कर्मियों को प्राथमिकता दी जाए।

छात्राओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह परिवर्तन आवश्यक है। कुलपति ने छात्रावास की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए कि सभी तकनीकी और संरचनात्मक कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। कुलपति ने होमी जहांगीर भाभा बॉयज़ हॉस्टल की क्षमता के अनुसार डाइनिंग एरिया में कम से कम 25 प्रतिशत फर्नीचर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### प्रतिदिन होगी छात्रावासों में बैठक




गंगा छात्रावास, लखनऊ विश्वविद्यालय

- कुलपति ने निर्देश दिया है कि सभी छात्रावासों में प्रतिदिन एक घंटे की नियमित बैठक आयोजित की जाए। इन बैठकों का समय–सारणी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाए ताकि छात्राएं अपनी समस्याओं को समयबद्ध रूप से साझा कर सकें। मेस से जुड़ी शिकायतों की जांच में गंभीर त्रुटियां सामने आईं। जिसके लिए पांच सदस्यीय समिति जांच करेगी। इस समिति के समक्ष मेस ठेकेदार संतोषजनक कारण नहीं दे पाते हैं तो उनका ठेका रद्द किया जाएगा।